देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 02.06.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :—

- केदारनाथ धाम यात्रा के पहले ही महीने में दो सौ करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार हुआ।
- भारतीय सेना के पूर्व सैनिकों द्वारा संचालित अतुल्य गंगा ट्रस्ट, पांच से सात जून के बीच गंगोत्री से हर्षिल तक व्यापक प्लास्टिक उन्मूलन अभियान चलाएगा।
- कृषि मंत्री गणेश जोशी ने उत्तरकाशी जिले के मोरी विकासखंड स्थित गैंचवांण गांव में ''विकसित कृषि संकल्प अभियान'' का शुभारंभ किया।
- राजधानी देहरादून सहित प्रदेश के कईं हिस्सों में आज सुबह आंधी और बारिश हुई।

कारोबार

केदारनाथ धाम यात्रा ने पहले ही महीने में दो सौ करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर लिया है। दो मई से शुरू हुई यात्रा में अब तक दर्शनार्थियों की संख्या सात लाख से अधिक पहुंच गई है। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार और सरकार को अच्छा राजस्व मिल रहा है।

पैदल मार्ग से एक लाख उनतालीस हजार से अधिक श्रद्धालु घोड़ा—खच्चरों के ज़रिए केदारनाथ पहुंचे हैं, जिससे चालीस करोड़ पचास लाख रुपये से अधिक की आय हुई। गुप्तकाशी, फाटा और सोनप्रयाग के हेलिपैड से उड़ान भर रहे आठ हेलिकॉप्टरों के ज़रिए अब तक तैंतीस हजार यात्रियों ने धाम की यात्रा की, जिससे 35 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ।

वहीं, डंडी—कंडी के माध्यम से उनतीस हजार से अधिक श्रद्धालु केदारनाथ पहुंचे हैं, जिससे 1 करोड़ 16 लाख रुपये की आय हुई। सोनप्रयाग—गौरीकुंड शटल सेवा से भी 7 करोड़ रुपये की कमाई दर्ज की गई है। होटल और अन्य प्रतिष्ठानों ने अब तक लगभग 100 करोड़ रुपये का कारोबार किया है।

प्लास्टिक उन्मूलन कारसेवा

विश्व पर्यावरण दिवस 2025 की थीम "वैश्विक प्लास्टिक प्रदूषण का अंत" के तहत भारतीय सेना के पूर्व सैनिकों द्वारा संचालित अतुल्य गंगा ट्रस्ट, 5 जून से 7 जून तक गंगोत्री से हर्षिल तक व्यापक प्लास्टिक उन्मूलन कारसेवा का आयोजन कर रहा है। इस अभियान की शुरुआत आज लखनऊ से लेफ्टिनेंट जनरल अनिन्द्या सेनगुप्ता द्वारा की जाएगी। कल स्वयंसेवक उत्तरकाशी में एकत्र होंगे और 4 जून को जिलाधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट व सीमा सड़क संगठन के कमांडेंट द्वारा नेहरू पर्वतारोहण संस्थान से अभियान को हरी झंडी दिखाई जाएगी।

5 से 7 जून तक स्वयंसेवक गंगोत्री से हर्षिल के बीच पैदल यात्रा करते हुए प्लास्टिक कचरा एकत्र करेंगे। एकत्रित कचरा शहरी स्थानीय निकायों को सौंपा जाएगा ताकि उसका पर्यावरण के अनुकूल निपटान हो सके। अभियान के दौरान तीर्थयात्रियों को गंगा में प्लास्टिक न डालने के लिए जागरूक किया जाएगा। जगह—जगह जागरूकता पोस्टर भी लगाए जाएंगे। ट्रस्ट कचरा प्रबंधन व्यवस्था को सुधारने के लिए कूड़ेदान बढ़ाने, नियमित संग्रहण सुनिश्चित करने, गैर—अनुपालन पर जुर्माना लगाने और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने के सुझावों का प्रचार करेगा।

2019 में स्थापित इस ट्रस्ट का उद्देश्य गंगा नदी के सतत पुनर्जीवन को सुनिश्चित करना है। ट्रस्ट वनीकरण, प्रदूषण मानचित्रण और माइक्रोप्लास्टिक की पहचान तथा जन—जागरूकता जैसे कार्यों के माध्यम से गंगा की निर्मलता और अविरलता को पुनर्स्थापित करने के लिए काम कर रहा है।

'विकसित कृषि संकल्प अभियान'

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कल उत्तरकाशी जिले के मोरी विकासखंड स्थित गैंचवांण गांव में ''विकसित कृषि संकल्प अभियान'' का शुभारंभ किया। यह पहला मौका था जब कोई कैबिनेट मंत्री इस गांव में पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान श्री जोशी ने कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य और अन्य विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया और किसानों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने एप्पल मिशन योजना के तहत लाभान्वित किसानों को चेक भी वितरित किए। मंत्री ने कहा कि उत्तरकाशी जैसे पर्वतीय क्षेत्रों में सेब उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं और राज्य सरकार इसे प्राथमिकता दे रही है।

''विकसित कृषि संकल्प अभियान'' के तहत देशभर में दो हजार वैज्ञानिक दल बनाए गए हैं जो 15 दिनों तक किसानों से सीधा संवाद करेंगे। उत्तराखंड में हर जिले में तीन टीमें रोज़ाना तीन कार्यक्रम आयोजित कर हर दिन कम से कम 600 किसानों से संपर्क करेंगी। कृषि मंत्री ने कहा कि यह पहल किसानों को वैज्ञानिकों और कृषि विशेषज्ञों से सीधे जुड़ने का अवसर देगी और उन्हें नई तकनीकों से लाभ होगा।

राज्यपाल कप गोल्फ टूर्नामेंट का समापन

नैनीताल स्थित राजभवन गोल्फ क्लब द्वारा तीन दिवसीय गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट–2025 का कल समापन हुआ। इस अवसर पर राज्यपाल ने सभी विजेताओं को बधाई दी।

राज्यपाल ने कहा कि बीते वर्षों में राजभवन गोल्फ कोर्स को आमजन, विशेषकर स्कूली बच्चों के लिए भी खोला गया है, ताकि युवाओं में गोल्फ के प्रति रुचि बढ़ाई जा सके। उन्होंने कहा कि गोल्फ को आम लोगों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

महिला खिलाड़ियों और युवाओं की भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राज्यपाल ने कहा कि राजभवन गोल्फ कोर्स में खेलना केवल एक खेल नहीं, बल्कि उत्तराखंड की सांस्कृतिक, प्राकृतिक और अतिथि परंपरा से जुड़ने का अवसर भी है।

टूर्नामेंट में देशभर के विभिन्न राज्यों से 177 गोल्फरों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में ओवरऑल विजेता समर्थ जैन रहे।

मौसम

प्रदेशभर में आज तड़के से ही मौसम ने अचानक करवट ले ली है। देहरादून समेत कई क्षेत्रों में तेज़ आंधी के साथ रुक–रुक कर बारिश हो रही है।

मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के अधिकांश हिस्सों में दिनभर हल्की से मध्यम बारिश जारी रह सकती है। विभाग ने कल पौड़ी, चमोली, रुद्रप्रयाग और पिथौरागढ़ जिलों में तेज़ आंधी और भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

इस बीच, चमोली जिले में स्थित हेमकुंड साहिब में कल शाम को बर्फबारी हुई, जिससे इलाके में ठंडक बढ़ गई है और तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

आजीविका संवर्धन

चंपावत जिले में पर्यटन के साथ स्थानीय उत्पादन के माध्यम से आजीविका संवर्धन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जी.एस. खाती ने ग्रोथ सेंटरों का स्थलीय निरीक्षण किया और स्थानीय उत्पादों की गुणवत्ता व पैकेजिंग पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने बताया कि सुखीढांग क्षेत्र में अदरक, केला, बांस, तेजपत्ता और मौन पालन प्रमुख रूप से किया जाता है। इन उत्पादों से जुड़कर

स्थानीय महिलाओं को स्वरोजगार देने और उनके उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री के माध्यम से उन्हें बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है।

महिला समूह से जुड़ी आशा जोशी ने बताया कि ग्रोथ सेंटर से महिलाओं को काफी लाभ हो रहा है। उन्होंने कहा कि वे स्थानीय फल और सब्जियों से विभिन्न उत्पाद तैयार कर रही हैं, जिन्हें पर्यटक खरीदकर ले जाते हैं।

निरीक्षण

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने अपने तीन दिवसीय उत्तरकाशी दौरे के तहत मोरी क्षेत्र में जरमोला राजकीय उद्यान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उद्यान की भौगोलिक स्थिति, कृषि उत्पादन, बागवानी गतिविधियों और उपलब्ध संसाधनों का जायजा लिया।

श्री जोशी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उद्यान को मॉडल कृषि केंद्र के रूप में विकसित किया जाए, ताकि क्षेत्र के किसान आधुनिक तकनीकों से लाभान्वित हो सकें। उन्होंने कहा कि सरकार, पर्वतीय क्षेत्रों की कृषि को आत्मनिर्भर और वैज्ञानिक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, और जरमोला उद्यान को एक आदर्श मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों से जोड़ा जाए और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन नियमित रूप से किया जाए।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग सुर्खियों को प्राथमिकता दी है।

उत्तराखंड में संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम। इस शीर्षक के साथ राष्ट्रीय सहारा समाचार पत्र की ख़बर है– मोदी सरकार के ग्यारह साल पूर्ण होने पर भाजपा आयोजित करेगी विभिन्न कार्यक्रम।

हेमकुंड साहिब में जमकर हुई बर्फबारी, तीन इंच ताजी बर्फ जमी, अमर उजाला की सुर्खी है। समाचार पत्र के अनुसार अटलाकोटी तक बर्फबारी हुई है, जिससे क्षेत्र में कड़ाके की ठंड पड़ रही है।

उत्तराखंड में पांच साल में छह गुना बढ़ी नवाचार की गति, केमिस्ट्री में सबसे ज्यादा पेटेंट। इस शीर्षक के साथ दैनिक जागरण लिखता है– नवीन तकनीकी विकसित करने के लिये सरकार शोधकर्ताओं को प्रोत्साहित कर रही है।

एक अन्य ख़बर पर खेल मंत्री रेखा आर्या के हवाले से हिंदुस्तान समाचार पत्र लिखता है– हर घर से खिलाड़ी निकलेगा, तभी खेल भूमि बनेगा उत्तराखंड।